Page 1

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स

बेहतर भारत के निर्माण की ओर
1907 से

# THE BHARAT SCOUTS AND GUIDES

Creating better india
Since 1909

राष्ट्रीय मुख्यालय NATIONAL HEADQUARTERS

**President**
डॉ. अनिल कुमार जैन, पूर्व सांसद (राज्य सभा)
DR. ANIL KUMAR JAIN, EX-M.P. (RAJYA SABHA)

**Chief National Commissioner**
डॉ. के. के. खंडेलवाल, भा.प्रा.से. (से. नि.)
DR. K.K. KHANDELWAL, I.A.S (RETD.)

Society Registration No. S462 Of 1950-1951

Ref. No. BSG/NHQ- 10-3-19/1181/2025

Date :- 15/04/2025

"सशक्त युवा, विकसित भारत"

To
The State Secretary
The Bharat Scouts and Guides
Chhattisgarh State

**SUB.:- Amendments to the Bye-Laws of The Bharat Scouts and Guides Chhattisgarh State...reg.**

**REF.:- SHQ Letter No. 1511-1512/S.G./R.M./2024, dated 21/12/2024.**

Dear Sir,

With reference to your letter No.1511-1512/S.G./R.M./2024, dated 21/12/2024 on the cited subject, this is to inform you that the Competent Authority has approved the amendments as desired in the State Bye-Laws of Chhattisgarh State Bharat Scouts and Guides proposed the State Council for nomination of Working President, if desired by the President of Chhattisgarh State Bharat Scouts and Guides for smooth functioning of the State Association.

Please find attached herewith the signed copy regarding amendments in your State Bye-Laws for your kind perusal and necessary action.

Thanking you,

Yours Sincerely,

-15/4/25

(Darshana A. Pawaskar)
Director

Encl.:- As above.

Copy submitted for kind information to:-
1. Hon'ble Chief National Commissioner of the Bharat Scouts and Guides.

C.c.to:- 1.The State Chief Commissioner, Chhattisgarh State Bharat Scouts and Guides, for kind information.
2. Executive Director, BS&G, NHQ.
3. Joint Directors, BS&G, NHQ.
4. Assistant Director (RD & SA), BS&G.
5. AS-1, BS&G, NHQ.

DIR/ED/AS-1/14 Apr. 2025

Page 2

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़

राज्य मुख्यालय –स्पोर्टस् कॉम्पलेक्स,आउटडोर स्टेडियम, गेट नं. 3 ई – ब्लॉक, बूढ़ापारा, रायपुर (छ.ग.)
फोन :– (0771) –2236650, फोन नं. 290512 ई–मेल:– bsgstate2015@gmail.com

पत्र क्रं./ 1511 /स्का.गा./रा.मु./2024 रायपुर दिनांक 21 /12/2024

प्रति,

निदेशक
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स
राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली

विषय :– भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छ.ग. के "उपनियम" में आवश्यक संशोधन करने विषयक्।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छ.ग. राज्य मुख्यालय रायपुर द्वारा दिनांक 08.10.2024 दिन–मंगलवार को राज्य परिषद की बैठक राज्य मुख्यालय रायपुर में माननीय अध्यक्ष, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छ.ग. की अध्यक्षता में आयोजित की गई उक्त राज्य परिषद की बैठक में सभी सम्माननीय राज्य परिषद के सदस्यों ने आम सहमति से राज्य के उपनियम में आवश्यक संशोधन किये जाने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया है। उक्त राज्य परिषद की बैठक मिनट्स आपकी ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजा जा रहा है।

कृपया शीघ्र–अतिशीघ्र भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छ.ग. के "उपनियम" में उपर्युक्त संलग्न अनुसार संशोधन कर अनुमोदन करने की कृपा करेंगे।

संलग्नः– 1. राज्य परिषद की बैठक मिनट्स की छायाप्रति।

स्काउटिंग भावनाओं सहित।

राज्य सचिव
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छ.ग.

पृ.क्रं./ 1512 /स्का.गा./रा.मु./2024 रायपुर दिनांक 22 /12/2024

प्रतिलिपिः–

1. माननीय डॉ. के. के. खण्डेलवाल जी, (रिटायर्ड आई.ए.एस) मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. माननीय श्री बृजमोहन अग्रवाल, राज्य अध्यक्ष, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छ.ग. की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. माननीय डॉ. सोमनाथ यादव जी राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छ.ग. की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।

राज्य सचिव
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छ.ग.

Page 3



17. अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और राज्य मुख्य आयुक्त का चुनाव :—

(i) अध्यक्ष—

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के संरक्षक माननीय मुख्यमंत्री द्वारा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं राज्य मुख्य आयुक्त पद पर मनोनित किया जायेगा। छत्तीसगढ़ राज्य में शिक्षामंत्री पदेन राज्य अध्यक्ष मनोनीत होंगे। तदनुसार राज्य परिषद द्वारा अनुमोदित किया जायेगा। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व राज्य मुख्य आयुक्त का कार्यकाल एवं शक्तियां रूल्स बुक चेप्टर—03 के अनुसार होंगी। अध्यक्ष अपनी इच्छानुसार कार्यवाहक अध्यक्ष भी नियुक्त कर सकते है।

(ii) उपाध्यक्ष—

(a)-एक या एक से अधिक उपाध्यक्ष होंगे लेकिन 12 से अधिक नहीं होंगे, जिनमें से 06 महिलाएं होंगी।

(iii) राज्य मुख्य आयुक्त —

(a)- राज्य मुख्य आयुक्त पद पर यथायोग्य व्यक्ति को राज्य के माननीय मुख्यमंत्री द्वारा मनोनीत किया जायेगा जिसे राज्य परिषद अनुमोदित करेगी। उक्त पद हेतु रूल्स बुक 66.1 लागू नही होंगे शेष सभी चेप्टर–3 विधान रूल्स बुक एवं ए.पी.आर. ओ–1,2,3 स्कीम ऑफ ट्रेनिंग पुस्तकों में उल्लेखित नियम सामान्यतयाः छत्तीसगढ़ भारत स्काउट्स एवं गाइड्स संस्था में मान्य होंगे तथा लागू होंगे।

(b)- राज्य मुख्य आयुक्त 05 वर्ष के लिए या राज्य परिषद की अवधि तक के लिए पद में रह सकते है, बशर्ते वह तब तक पद पर बने रहेंगे जब तक उनका उत्तराधिकारी मनोनीत नहीं हो जाता।

(iv) राज्य कोषाध्यक्ष —

(a)- भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य के सदस्यों में से राज्य मुख्य आयुक्त द्वारा राज्य कार्यकारिणी की सहमति से राज्य कोषाध्यक्ष मनोनीत किया जायेगा जो वित्तिय प्रणाली में विशेषज्ञ होंगे।

(b)- कोषाध्यक्ष का कार्यकाल एक समय में 05 वर्ष के लिए या राज्य कार्यकारिणी समिति की कार्य अवधि तक के लिए पद में रह सकते है, बशर्ते वह तब तक पद पर बने रहेंगे जब तक उनका उत्तराधिकारी मनोनीत नही हो जाता। किसी कारण से पद रिक्त होने की स्थिति में राज्य मुख्य आयुक्त द्वारा शेष कार्यकाल के लिए नये कोषाध्यक्ष के रूप में संघ के किसी भी सदस्य को इस पद पर मनोनीत किया जा सकेगा।

STATE SECRETARY
BHARAT SCOUTS & GUIDES

एजेण्डा क्र. 4 राज्य के उपनियम में आवश्यक संशोधन एवं जिलों हेतु उपनियम बनाये जाने हेतु अनुमति।

The State Council shall continue for five year from the date of meeting in Which the New Council is Constituted.

III Rules Book के 60 के अनुसार –

छत्तीसगढ़ भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के उपनियम 17 (i) प्रथम पैराग्राफ – "तद्नुसार राज्य परिषद द्वारा अनुमोदित किया जायेगा " (के बाद) एक बार अध्यक्ष पद पर मनोनीत होने के उपरान्त Rules Book III 64.2 के अनुसार –The president Shall hold office for five Years or for the duration of state council as the case may be provided howere he /she shall Continue to hold office until his Successor is elected.

इसी के द्वितीय पैराग्राफ के अंतिम लाइन में "कार्यवाहक" शब्द को विलोपित कर "कार्यकारी" शब्द जोड़ी जावें।"

# राज्य परिषद की बैठक दिनांक 08.10.2024 में लिये गये निर्णय

| क्रं. | बैठक का एजेण्डा | क्रं. | एजेण्डा पर लिये गये निर्णय |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रार्थना, स्वागत | 1 | राज्य परिषद की बैठक दिनांक 08.10.2024 को अपरान्ह 02.45 बजे से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छ.ग. राज्य मुख्यालय, रायपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता माननीय श्री. बृजमोहन अग्रवाल जी अध्यक्ष, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छ.ग. ने की। सभी सम्माननीय परिषद सदस्यों द्वारा विधिवत प्रार्थना कर बैठक प्रारंभ किया गया।<br>स्वागत उदबोधन डॉ. सोमनाथ यादव जी राज्य मुख्य आयुक्त महोदय द्वारा दिया गया। |
| 2 | एजेण्डा पर चर्चा :—<br>**(i)** राष्ट्रीय जम्बूरी 2025 एवं प्रथम विश्व गाइड जम्बूरी के तैयारी के संबंध में चर्चा। | 2 | माननीय श्री बृजमोहन अग्रवाल अध्यक्ष भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ को बड़ी और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। छत्तीसगढ़ के लिए यह सौभाग्य का विषय है, 19 वीं राष्ट्रीय जम्बूरी एवं प्रथम विश्व गाइड जम्बूरी की मेजबानी का एक अच्छा अवसर मिला है। यह कार्य चुनौतिपूर्ण भी होगा। उन्होने प्रस्तावित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के आयोजन की तैयारी को लेकर विस्तृत चर्चा की और कहा कि राज्य सरकार और राष्ट्रीय मुख्यालय से समन्वय स्थापित करते हुए दोनों आयोजन को लेकर किस तरह व्यवस्थाएं करनी है, क्या–क्या संसाधन जुटाने है, इसे सूचीबद्ध करते हुए तैयारी की जाए। वित्तीय संसाधन को लेकर भी चर्चा की गई । जिलों में स्काउट–गाइड की सक्रियता बढ़ाने का निर्देश दिया और 01 सप्ताह के भीतर सभी 33 जिलों में जिला मुख्य आयुक्त, जिला सचिव, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड), जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/गाइड) जो स्काउटिंग के प्रति सक्रिय है उन्हे ही भारत स्काउट्स एवं गाइड्स से जोड़ने की बात कही और उर्जावान एवं क्रियाशील टीम तैयार कर जम्बूरी कार्य के लिए अभी से तैयारी की जाये। |

किस स्तर के लोग जम्बूरी में प्रतिभागिता करेंगे और जम्बूरी में आयेंगे इसके लिए राजस्थान भारत स्काउट्स एवं गाइड्स से एवं राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली से जानकारी एवं राज्य सरकार से सभी जानकारी अभी से लेना सुनिश्चित करें। अलग–अलग विभाग में काम बांट के काम करना है, साथ ही साथ जिम्मेदारी देने का कार्य दिया जाये (सही एवं सक्रिय व्यक्ति को ही कार्य दिया जाये) छत्तीसगढ़ के प्रत्येक स्काउट–गाइड को जम्बूरी देखने का मौका मिले प्रतिभागिता ना होने पर भी एक दिन देखने के लिए जाये, नया रायपुर में प्लाट खाली होने की जानकारी आर.डी.ए विभाग से लिया जाये जिसमें हम जम्बूरी में आने वाले लोगों को रूकवा सकेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए अलग टीम होना चाहिए रोज अलग–अलग मुख्य अतिथि होना चाहिए। जम्बूरी में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल को अतिथि के रूप में बुलाना है। जिला मुख्य आयुक्त को जानकारी होना चाहिए कि जिले में कितने स्कूल और दर्ज संख्या सभी जानकारी रखनी होगी। संख्यात्मक जानकारी रहना जरूरी है। दर्ज संख्या बढ़ाना है जम्बूरी के लिए। अशासकीय स्कूल एवं कॉलेज के बच्चों को स्काउट–गाइड से जोड़ना है। सरकारी अनुदान के अलावा भी प्रायोजक कौन–कौन हो सकते है इसकी भी जानकारी निकलवा ले। बड़े उद्योगपति, विभिन्न संस्थान एवं दानी लोगों को जोडना है सबके लायक योग्य व्यक्ति को जोड़कर उसके लायक कार्य देना है। पहले राष्ट्रीय मुख्यालय से जानकारी ले कि क्या–क्या कार्य करना है, उसके अनुसार अपने संसाधन को उपयोग करेंगे और बाकी का व्यवस्था करवाना पड़ेगा। 2002 में रायपुर में जम्बूरी आयोजित की गई थी उस जम्बूरी की व्यवस्था में जो–जो थे उनकी जानकारी लेने को कहा गया। 03 दिन में सूची बनाना है जिसमें प्रत्येक जिम्मेदार व्यक्ति किस–किस जिले को देखेगा उसके अंदर में जिले का सभी कार्यक्रम होना है। हर सप्ताह एक बार बैठक कर रिपोर्ट लेंगे कुछ समय के बाद प्रत्येक 03 दिन में बैठक करना है। आखिरी के 03 महीने प्रत्येक दिन बैठक करके रिपोर्ट लेना है कि क्या–क्या कार्य हुआ। 13.10.2024 तक पूरी सूची कम्पलीट करके लाने की बात कही गई।

क्रमशः...3...

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | साथ ही साथ राष्ट्रीय मुख्यालय से गाइडलाईन लेना है एवं मुख्यमंत्री जी को पत्र भेजना है। ईमेल के माध्यम से मुख्यमंत्री जी के सचिव, मुख्य सचिव एवं स्कूल शिक्षा सचिव जी को मेल करना है। प्रत्येक पदाधिकारी का मेल आई डी. होना चाहिए, व्हाटसअप ग्रुप बनाना है जिसमें प्रत्येक जिला से 25 सदस्य रहना अनिवार्य हैं। माननीय अध्यक्ष जी ने राज्य परिषद द्वारा राष्ट्रीय जम्बूरी एंव प्रथम विश्व गाइड जम्बूरी के आयोजन की मेजबानी के लिए सहमति देने हेतु मुख्यमंत्री माननीय श्री विष्णुदेव साय के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही आवश्यकतानुसार राज्य मुख्य आयुक्त को विभिन्न पदों पर अन्य गणमान्य व्यक्तियों को जोड़ने हेतु अधिकृत किया गया। |
| 3 | (ii) राज्य के उपनियम में आवश्यक संशोधन किये जाने हेतु प्रस्ताव एवं अनुमोदन | 3 | श्री राजेश अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष ने उपनियम के संशोधन प्रस्ताव हेतु पिछली बैठक में कमेटी बनाई गई कमेटी ने पुरे उपनियम का अवलोकन कर कुछ महत्वपूर्ण कण्डिका में आवश्यक आंशिक संशोधन हेतु प्रस्ताव रखा जो इसप्रकार है :–<br>**The State Council shall continue for five year from the date of meeting in Which the New Council is Constituted.**<br>**III Rules Book** के 60 के अनुसार –<br>छत्तीसगढ़ भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के उपनियम 17 (i) प्रथम पैराग्राफ – "तद्नुसार राज्य परिषद द्वारा अनुमोदित किया जायेगा " (के बाद) एक बार अध्यक्ष पद पर मनोनीत होने के उपरान्त राज्य परिषद के कार्यकाल तक अध्यक्ष बने रहेंगे। **Rules Book III 64.2** के अनुसार –**The president Shall hold office for five Years or for the duration of state council as the case may be provided howere he /she shall Continue to hold office until his Successor is elected.**<br>इसी के द्वितीय पैराग्राफ के अंतिम लाइन में "कार्यवाहक" शब्द को विलोपित कर "कार्यकारी" शब्द जोड़ी जावें।" ऐसा प्रस्ताव रखा जिसे श्री सुरेश शुक्ला जिला मुख्य आयुक्त रायपुर द्वारा समर्थन दिया गया तथा इस प्रस्ताव को सभी सम्माननीय राज्य परिषद के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया। इससे स्पष्ट होता है कि आने वाले 05 वर्ष तक राज्य अध्यक्ष माननीय बृजमोहन अग्रवाल जी रहेंगे। उपनियम के कण्डिका 10 के अनुसार शिक्षामंत्री महोदय को संरक्षक पद हेतु आमंत्रित किया जावेगा। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 04 | अन्य विषय पर चर्चा :- <br> 1. एडवेंचर कैंप जलकी सिरपुर महासमुंद में आयोजित किये जाने के संबंध में चर्चा। | 04 | जिला मुख्य आयुक्त कोरबा श्री सादिक शेख ने एडवेंचर शिविर आपदा प्रबंधन एवं व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन सिरपुर के पास जलकी में अलोहा एडवेंचर बेस बना है जो पूर्णतः विकसित है प्रस्ताव दिया गया एवं इस हेतु राज्य संगठन आयुक्त स्काउट/गाइड स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट तत्काल देने कहा गया। तत्पश्चात् एडवेंचर कैंप राज्य की आवश्यकतानुसार आयोजित किया जायेगा ऐसा राज्य मुख्य आयुक्त महोदय ने कहा। इस प्रस्ताव को सभी सम्माननीय राज्य परिषद के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया। |
| 05 | आभार प्रदर्शन | 05 | डॉ. सोमनाथ यादव राज्य मुख्य आयुक्त महोदय द्वारा सम्माननीय राज्य परिषद के सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया। |
| 06 | समापन | 06 | राष्ट्रगान कर विधिवत रूप से बैठक की समाप्ति की गई। |

(डॉ. सोमनाथ यादव)
राज्य मुख्य आयुक्त
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छ.ग.

(बृजमोहन अग्रवाल)
अध्यक्ष/सभापति
राज्य परिषद
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छ.ग.
दिनांक 03 / 10 / 2024

क्रं. 1075
प्रति

1. सर्व संबंधित को
श्री / श्रीमती / सुश्री ..............................................

राज्य सचिव
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छ.ग.